# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना</u>

## <u>गतिविधियाँ 2024-25</u>

# शासकीय डॉ. इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला जांजगीर-चम्पा (छ.ग.)

## डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा

**सहायक प्राध्यापक, भौतिक शास्त्र एवं कार्यक्रम अधिकारी**

| | |
|---|---|
| **स्थापना दिवस –** | **24 सितम्बर 1969** |
| **सम्बधता -** | **शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़** |
| **कुलपति –** | **डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया** |
| **कार्यक्रम समन्वयक –** | **डॉ. सुशील कुमार एक्का** |
| **जिला संगठक –** | **प्रो. बी. के. पटेल** |

---

- शासकीय डॉ. इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सत्र के प्रारंभ में 100 छत्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया।
- 29 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना के नव नियुक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा का रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा सभी स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया गया की हम सब मिलकर महाविद्यालय के रासेयो को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे।
- 31 अगस्त कोरासेयो के ऐसे स्वयंसेवक जो अर्हता रखते है उन्हें B प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- 12 सितम्बर को पोषण जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 10

व 12 में जाकर तिरंगा भोजन के बारे में महिलाओं को जागृत किया गया तथा रासेयोके स्वयंसेवकों द्वारा पोषण से सम्बंधित दिवार पर स्लोगन लेखन किया गया । साथ ही साथ इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण लोगों को स्वस्थ जीवन शैली हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई ।

- 14 सितम्बर को रासेयो की समीक्षा बैठक की गई जिसमे पूर्व में किये गए कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया गया साथ ही साथ आगामी कार्यक्रमों के लिए कार्य योजना तैयार की गई ।
- 18 सितम्बर को रासेयो में नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा नव-प्रवेशितों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका स्वागत किया गया ।
- 24 सितम्बर को रासेयो के स्थापना दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. यू.एन.कुर्रे द्वारा रासेयो के महत्त्व एवं युवाओं की भूमिका के सम्बन्ध में संबोधन दिया गया । विशेष कार्यक्रम में एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद देकर प्रोत्साहित किया गया।
- 28 सितम्बर को रासेयो इकाई द्वारा 'स्वछता ही सेवा है ' अभियान के तहत वृहद् रूप से  महाविद्यालय परिसर एवं वनस्पति शास्त्र उद्यान की साफ सफाई की गई ।
- 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वछता के लिए शपथ दिलाई गई । 'स्वछता ही सेवा है ' अभियान को जारी रखते हुए महाविद्यालय के प्रांगण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम परिसर का साफ-सफाई किया गया । एक अन्य विशेष कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा गांधीजी के विचारों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- 5 अक्टूबर को रासेयो से सम्बंधित एक आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे सभी स्वयंसेवकों द्वारा सफलता हासिल की गई ।
- 16 अक्टूबर को महाविद्यालय में जांजगीर-चांपा कलेक्टर के निर्देशानुसार यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में 'युवोदय युवा संवाद ' पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे 'हसदेव के हीरो ' यूनिसेफ विकासखंड समन्वयक श्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा छात्र-छात्राओं को 'पढाई का कोना ' 'आज क्या सीखा ' विषय पर

जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत अकलतरा पुलिस थाना से श्रीमती अनीता पाटले, प्रधान आरक्षक द्वारा 'अभिव्यक्ति एप' की जानकारी दी गई एवं बच्चों को इस एप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी सन्दर्भ में जांजगीर जिला साइबर सेल से पधारे श्री विवेक सिंह, एच.सी. एवं श्री विवेक कुमार सिंह, ए.एस.आई. द्वारा साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए इस प्रकार के साइबर अपराध से कैसे बचा जाये, इस विषय पर जानकारी दी गई।

- 9 नवम्बर को महाविद्यालय के रासेयो, एनसीसी, रेड क्रास सोसाइटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हंसवाहिनी ब्लड बैंक सरकंडा, बिलासपुर के सहयोग से लगभग 50 रक्तदाताओं ने अपनी सहभागिता निभाई जिन्हें सम्मान स्वरुप प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट प्रदान किया गया।
- 2 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनेन्द्र मेहता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवानाकिया गया। यह रैली अकलतरा थाना क्षेत्र एवं खिसोरा ग्राम के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनःमहाविद्यालय परिसर में आकर एड्स के प्रति जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण के साथ संपन्न हुआ।
- 4 दिसम्बर को रासेयो द्वारा शासकीय गुरु घासीदास प्राथमिक शाला अकलतरा में बच्चों को 'गुड टच एवं बैड टच' के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्री सुनील साहू के द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।
- 11 दिसम्बर को महाविद्यालय में उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रासेयो के स्वयंसेवकों के साथ साथ महाविद्यालय के लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रतिभागियों को अपील किया गया कि सभी एमएसएमइ (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यमउद्यम मंत्रालय ) में अपना पंजीयन कराएँ एवं कौशल विकास सम्बन्धी सुविधाओं का लाभ उठायें। इस कार्यक्रम में शिक्षोदयएजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन बिलासपुर एवं एमएसएमइ की सदस्य सम्मुल द्वारा युवाओं को स्व-उद्योग की ओर प्रेरित किया गया साथ ही साथ इन उद्योगों से किस प्रकार जुड़ाजा सकता है, इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

- 20 दिसम्बर को श्री ऋषभदेव विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल, अकलतरा (कोलेबोरेटिव संस्था) द्वारा आयोजित 7 दिवसीय रासेयो विशेष कैंप में हमारे महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।
- 23 दिसम्बर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा में एनेमिया जाँच शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग 400 बालिकाओं का एनेमिया जाँच में रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।
- 29 दिसम्बर को 75 वर्ष से ऊपर वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सहयोग प्रदान किया गया। इसके तहत लगभग 31 लोगों का ऑनलाइन आवेदन किया गया।

## विशेष कार्यक्रम

- 31 मई को जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में बीआरसी भवन अकलतरा में मासिक माहवारी स्वछता प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे लगभग 50 किशोरियों को सेनेटरी पेड, फोलिक एसिड एवं मल्टीविटामिन टेबलेट का वितरण किया गया।
- विश्व योग दिवस 21 जून को अकलतरा नगर पालिका के वार्ड क्र. 2 संजय नगर में रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा लगभग 56 क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य के लिए योग का महत्त्व बताते हुए योग कराया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता सिंह ने भी अपनी मधुर वचनों से सहभागिता प्रदान की।
- 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव के तहत रासेयो के स्वयंसेवकों ने 4 घुमंतू बच्चों को पुनः स्कूल में प्रवेश दिलाया।
- 13 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय गुरुगासिदास प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकला गया।
- 28 दिसम्बर को जांजगीर-चम्पा कलेक्टर के निर्देशन में जिले के दिव्यान्गजनों को भारत सरकार की एडीपी एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का वितरण किया गया जिसमे रासेयो के स्वयंसेवकों ने सहायता प्रदान किया।
- 1 जनवरी 2025 को रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 10 अकलतरा में जाकर आस-पास के गर्भवती महिलाओं के घर जाकर पोषण आहार एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

- 12 जनवरी 2025 राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में रासेयो द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत प्रश्नमंच एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा जीतने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पुरुष्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।
- 1 से 31 जनवरी तक चलने वाली यातायात सुरक्षा माह के अंतर्गत 30 जनवरी 2025 को अकलतरा पुलिस प्रशासन, राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर विद्यालय एवं विद्यासागर उच्चतर विद्यालय के सहयोग से महाविद्यालय के रासेयो द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय से आरंभ यह जागरूकता रैली अकलतरा पुलिस थाना से होते हुए आर.के.स्कूल पहुंचा। फिर वहां से विद्यासागर स्कूल होते हुए शास्त्री चौक पर एक विशेष सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। यहाँ पर रासेयो के स्वयंसेवको द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का पालन करने का सन्देश दिया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा यातायात सुरक्षा के लिए उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को शपथ दिलाया गया।

- **सात दिवसीय विशेष शिविर 18 नवम्बर से 24 नवम्बर 2024 तक**

  शासकीय डॉ. इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा के रष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यह विशेष शिविर महाविद्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम सोनडीह, अमलीपाली, अकलतरा में आयोजित किया गया जिसमें शिक्षक-शिक्षकाओं एवं रासेयो के स्वयंसेवकों सहित 50 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता प्रदान किये। यह विशेष शिविर 'मेरा युवा भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरताके लिए युवा ' थीम पर आधारित था। इस शिविर का उद्घाटन 18 नवम्बर 2024 को प्रो. बी.के. पटेल, जिला संगठक के मुख्य- आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. मनेन्द्र मेहता के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमे विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के अधिकारीगण, अमलीपाली के सरपंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर का समापन डॉ. प्रवीण पाण्डेय, प्राचार्य इ.आर.आर.पी.जी.विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर एवं संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के मुख्य-आतिथ्य तथा प्राचार्य डॉ. मनेन्द्र मेहता के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमे विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के अधिकारीगण, अमलीपाली के सरपंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिविर में संपन्न विभिन्न गतिविधियाँ

- **योग एवं परेड** –शासकीय प्राथमिक शाला सोनडीह के प्रधानाचार्य श्री शिवकुमार सिंह जी के द्वारा प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक योग एवं प्राणायाम कराया गया। रासेयो के स्वयंसेवक शिवेष कुमार मिश्रा द्वारा प्रतिदिन 7 बजे से 8 बजे तक परेड कराया गया।
- **कराटे एवं मुष्टिका प्रहार** – शिविर के दौरान दिनांक 22/11/2024 एवं 24/11/2024 को श्री विशाल जी द्वारा कराटे प्रशिक्षण एवं दिनांक 23/11/2024 को श्री तोमर सिंह जी के द्वारा मुष्टिका प्रहार का प्रशिक्षण दिया गया।
- **बौद्धिक सत्र** – प्रतिदिन अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक शिविर में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिदिन अलग अलग विद्वानों ने शिविरार्थियों का विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धन किया।
    - डॉ. विनोद साहू, अतिथि प्राध्यापक, समाज निर्माण में साहित्य की भूमिका विषय पर।
    - डॉ. ऋचा राठौर, सहायक प्राध्यापक, युवाओं का राजनीति में सहभागिता विषय पर।
    - सुश्री आरिफा परवीन, सहायक प्राध्यापक, सोशल मिडिया का सकारात्मक उपयोग विषय पर।
    - श्री एल.पी.मिरी, सहायक प्राध्यापक, रासेयो का सामाजिक दायित्व विषय पर।
    - श्री सुनील साहू, सहायक प्राध्यापक, जीवन में आदतों का महत्त्व विषय पर।
    - श्री सत्यनारायण यादव, सामाजिक कार्यकर्त्ता, सामाजिक दायित्व निभाने के लिए स्वयं में बदलाव: क्यों और कैसे? विषय पर।
    - श्रीमती वंदना राठौर, सहायक प्राध्यापक, जीवन में योग का महत्त्व विषय पर।
    - डॉ. आर. के. बनर्जी, सहायक प्राध्यापक, रासेयो का व्यक्तित्व विकास में महत्त्व विषय पर।
    - डॉ. विष्णु कुमार वर्मा, सहायक प्राध्यापक, यूपीआई पेमेंट सिस्टम विषय पर।
    - श्री जे.एन.कुर्रे, सहायक प्राध्यापक, इन्कम टैक्स रिटर्न फाइल विषय पर।

- श्री दीपक साहू, सामाजिक कार्यकर्त्ता, जीवन के लिए महत्वपूर्ण बातें विषय पर।
- श्रीमती सीमा जायसी, सहायक प्राध्यापक, बच्चों में मोबाइल के प्रति बढती रूचि: समस्या एवं समाधान।
- श्री आर.के.पाण्डेय, व्याख्याता, सामाजिक गतिविधियों का व्यक्तित्व पर प्रभाव विषय पर।
- श्रीमती वर्षा यादव, व्याख्याता, श्रेष्ठ स्वयंसेवक के लक्षण विषय पर।
- श्री नरेन्द्र कश्यप, सामाजिक कार्यकर्त्ता, सामाजिक उत्तरदायित्व विषय पर।
- डॉ. चंद्रजीत सिंह राठौर, सहायक प्राध्यापक, व्यक्तित्व विकास विषय पर।
- डॉ. हरप्रीत कौर, सहायक प्राध्यापक, राष्ट्रीय विकास में रासेयो की भूमिका विषय पर।
- डॉ. रेणुका शर्मा, अतिथि प्राध्यापक, भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका विषय पर।
- डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, साइबर क्राईम के प्रति जागरूकता विषय पर।
- श्री उपेन्द्र धीवर, शिक्षक, रासेयो स्वयंसेवक का लक्ष्य विषय पर।

❖ **सांस्कृतिक कार्यक्रम** –रात्रिकालीन सत्र में नशा मुक्ति, दहेज़ प्रथा उन्मूलन, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, मतदाता जागरूकता आदि विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर रासेयो के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक किया। एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति को शिविर में जिवंत किया एवं इसी सन्दर्भ में हमारे कोलेबोरेटीव संस्था श्री ऋषभदेव विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल, अकलतरा द्वारा दिनांक 22/11/2024 को शिविर में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

❖ **रैली एवं साक्षरता अभियान** – डिजिटल साक्षरता के अंतर्गत शिविर ग्राम में रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा एक विशेष सर्वे किया गया जिसमें यह पाया गया कि वहां के अधिकांश घरों में मोबइल तो उपलब्ध है किन्तु इसका उपयोग डिजिटल साक्षरता के आभाव में ऑनलाइन लेनदेन के लिए नहीं किया जाता साथ ही साथ सोशल मिडिया का उपयोग मुख्यतः मनोरंजन के लिए किया जाता है न कि ज्ञानवर्धन के लिए।

- **विशेष गतिविधियाँ** –
  - शिविर स्थल से 4 किलोमीटर दूर अर्ध-नारीश्वर मंदिर पर्यटन स्थल पर जाकर स्वयंसेवकों ने 6 फिट गहरे सेप्टिक टैंक के अन्दर एकत्रित मिट्टी को साफ कर उसे शौचालय निर्माण हेतु तैयार किया।
  - अर्ध-नारीश्वर मंदिर के मुख्य गेट के निचे पानी के बहाव के कारण उत्पन्न करीब 15 मीटर लंबे गड्ढे को गिट्टी, बालू एवं मिट्टी से भरकर श्रद्धालुओं के लिए रस्ते को सुगम बनाया।
  - अर्ध-नारीश्वर मंदिर परिसर में फैले पोलीथिन, प्लास्टिक, सीसा एवं अन्य प्रकार के कचड़ो की सफाई करके पुरे परिसर को श्रद्धालुओं के लिए उपयुक्त बनाया।
  - शिविर स्थल, शासकीय प्राथमिक शाला अमलीपाली, ग्राम पंचायत परिसर एवं अर्ध-नारीश्वर मंदिर परिसर में वर्षा जल एवं नल से व्यर्थ बहते जल के संवर्धन हेतु 5 सोख्ता गड्ढे का निर्माण किया गया।
- **आभार**–रासेयो के सात दिवसीयविशेष शिविर को सफल बनाने के लिएजिन्होंने हमें सहयोग दिया एवं सहभागिता निभाए उन्हें रासेयो इकाई ह्रदय से आभार व्यक्त करता है। विशेषकर हम आभार व्यक्त करते है हमारे उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. बी.के.पटेल सर का तथा समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीन पाण्डेय सर का जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर हमारे बीच उपस्थित हुए और हमारा उत्साह वर्धन किया। हम आभार व्यक्त करते है उन सभी विशेष अतिथियों का जिन्होंने जिन्होंने अपना कीमती वक्त निकालकर हमें संबल प्रदान किया। हम अनुग्रहित है उन सभी विद्वानों का जिन्होंने बौद्धिक सत्र में हमारा ज्ञानवर्धन किया तथा शिविर के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद किया। हम अभिभूत है उन सभी महानुभाओं से जिन्होंने व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास, मानसिक एवं शारीरिक विकास एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों को पूर्ण करने में हमें सहयोग प्रदान किये तथा विशेष शिविर को सफल बनाया। हम आभार व्यक्त करते है सभी ग्रामीणों का जो शिविर में उपनी उपस्थिति प्रदान कर हमारे स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। हम धन्यवाद् देते है ग्राम पंचायत अमलीपाली के सरपंच का जिन्होंने अपने क्षेत्र में हमें शिविर लगाने की अनुमति प्रदान की। हम अनुग्रहित हैं स्कूल प्रबंधन का जिनका सहयोग हमें लगातार मिलता रहा। हम

आभार व्यक्त करते है सभी प्रकार की मिडिया का जिन्होंने हमारे कार्यक्रम को विशेषता प्रदान करते हुए इसे जनमानस तक पहुँचाया।

- **विशेष उपलब्धियां** –
  - रासेयो के स्वयंसेवक शिवेष कुमार मिश्रा का चयन 2 जनवरी से 8 जनवरी तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट महाविद्यालय सोमनी (राजनांदगांव) में चलने वाली राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ।
  - 12 मार्च को टी.सी.एल. शासकीय महाविद्यालय में संपन्न जिला स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम के लिए स्वयंसेवकों शिवेष कुमार मिश्रा एवं अनीता केंवट का चयन कियता गया।
  - स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी द्वारा स्वयंसेवक शिवेष कुमार मिश्रा को उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण के लिए सम्मान किया गया।
  - 24 सितम्बर को रासेयो स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय स्थापना एवं सम्मान समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु छात्र शिवेष कुमार मिश्रा का चयन हुआ।
  - 8 नवम्बर को शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के चतुर्थ कुल-उत्सव में छात्र शिवेष कुमार मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ रासेयो स्वयंसेवक का सम्मान प्रदान किया गया।
  - जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में 25 जनवरी को जांजगीर में स्वयंसेवक रवि कैवर्त्य एवं राहुल प्रसाद को सहभागिता देने के लिए अवसर प्रदान किया गया।

**सहयोग की भावना के साथ**
**उठे समाज के लिए उठें – उठें**
**जगे स्वराष्ट्र के लिए जगें – जगें**
**स्वयं सजे वसुंधरा सवार दें**
**स्वयं सजे वसुंधरा सवार दें**

---

## प्रस्तुतकर्ता





**डॉ. उपेन्द्र कुमार वर्मा**
कार्यक्रम अधिकारी

**डॉ. मनेन्द्र मेहता**
प्राचार्य एवं संरक्षक



**शिवेष कुमार मिश्रा**
सर्वश्रेष्ठस्वयंसेवक

## दलनायक / दलनायिका













# नियमित गतिविधियाँ 2024-25






























# नियमित गतिविधियाँ 2024-25



































# 7 DAYS SPECIAL CAMP ACTIVITIES 2024-25






























